## एक नजर में

### अवैध मुरम उत्खनन, दो डंपर जब्त

**देवास।** ग्राम नावदा में अवैध मुरम उत्खनन की सूचना पर खनिज विभाग की टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो डंपरों को जब्त किया। कार्रवाई कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन और खनिज अधिकारी रश्मि पांडे के मार्गदर्शन में की गई। पहला डंपर टाटा 10 चक्का बिना नंबर का मिला, जिसे भूरा पिता रफीक निवासी सियापुरा चला रहा था। ड्राइवर ने अपने बयान में बताया कि यह डंपर नीरज पटेल का है। हालांकि वाहन के वास्तविक स्वामित्व की जांच संबंधित विभाग द्वारा की जा रही है। दूसरा जप्त वाहन ऋछ09 त्नश्व 2558 (12 चक्का) मुरम से भरा हुआ मिला। ड्राइवर ने इसका मालिक अमजद निवासी सियापुरा बताया। दोनों डंपरों में अवैध रूप से मुरम ढोई जा रही थी। शिकायत की जांच के बाद खनिज विभाग ने दोनों डंपरों को जप्त कर पुलिस लाइन में सुरक्षा हेतु खड़ा कराया। साथ ही खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर पंचीबद्ध कार्रवाई की गई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के लिए टीम द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाइयाँ जारी रहेंगी।

### श्री दत्त जयंती आज, श्रीगुरुचरित्र पाठ होगा

**देवास।** श्री दत्तपादुका मंदिर श्री क्षेत्र बांगर में श्री दत्त जन्मोत्सव आज 04 दिसंबर 2025 गुरुवार को मनाया जावेगा। प्रात: 4.30 पर कांकड़ आरती होगी। सुबह 6 बजे से श्री गुरुचरित्र का पाठ होगा। तत्पश्चात नियमित पूजा आरती होगी। इसी के साथ दिनभर दर्शन एवं भजन-कीर्तन के कार्यक्रम होंगे। मंदिर परिसर को इस अवसर पर सुसज्जित भव्य रूप से सजाया गया है। अनेक सुगंधित पुष्पों के साथ ही आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। मंदिर व्यवस्थापक एवं पुजारी दत्तप्रसाद कुलकर्णी ने बताया कि प्रमुख आयोजन श्री दत्त जन्मोत्सव शाम 5.40 को मंदिर परिसर में मनाया जावेगा। जन्म के बाद पालना गीत एवं आरती होगी। शाम को 6.30 पर धूप आरती होगी, उसके बाद शाम 7 बजे महाआरती होगी एवं मंदिर को कई क्विंटल फूलों से सजाया गया है। सप्ताहभर से अनेक भजन मंडली द्वारा मंदिर प्रांगण में प्रस्तुति दी गई है। जिसके चलते सच्चीतानंद भजन मंडली देवास, इंदौर के स्वराली भजन मंडल, श्रीराम भजन मंडल, विसावा भजन मंडल, कल्याण सेवक मंडल, सरस्वती संगीत विद्यालय देवास का कार्यक्रम हुआ। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान श्री दत्त जन्मोत्सव के निमित्त महाप्रसाद भंडारा 7 दिसंबर रविवार 2025 को मंदिर परिसर में सुबह 11 बजे से 5 बजे तक रखा गया है।

### एसआईआर सर्वे का कार्य निरंतर जारी

**टोंक खुर्द।** नगर परिषद टोंक खुर्द में निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर सर्वे के अंतर्गत विशेष कैंपों का आयोजन किया जा रहा है एवं निरंतर कार्य जारी है नगर परिषद की प्रस्तावित बस स्टैंड फीगंज चौराह पर स्थित हेल्प डेस्क पर वार्डों के बीएलओ दिनेश चंद्र जोशी, एवं बीएलओ आकर सहायता प्रदान कर रहे हैं। नगर परिषद के कर्मचारी दीपक सोनी, जितेंद्र सिंह झाला, चरण सिंह गुर्जर निरंतर अपनी ड्यूटी पर पदस्थ रहकर मतदाता सूची का सत्यापन कर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर नगर परिषद वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद सुनील मालवीय, एडवोकेट श्याम सिंह गालोदिया, अखिलेश सोलंकी, अजय बामनिया, कमल सिंह पवार, वरिष्ठ पत्रकार निर्भय सिंह कराड़ा, चेतन चौधरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### राऊ विधानसभा अध्यक्ष का नियुक्ति पत्र सौंपा

**देवास।** इंदौर संभाग कि राऊ विधानसभा का विधानसभा अध्यक्ष का नियुक्ति पत्र सोपा मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन का विधानसभा राऊ का अध्यक्ष का नियुक्ति पत्र राकेश परमार उपसरपंच ग्राम पंचायत नैनोद को प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन पवन हिंदू ने सोपा



श्री परमार वरिष्ठ भाजपा नेता है और मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन भारतीय जनता पार्टी समर्थित संगठन है जो भाजपा के विचारों पर कार्य करता है नियुक्ति पर क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा पूर्व पार्षद बलराम वर्मा विधानसभा संयोजक रामस्वरूप गहलोत संभागीय अध्यक्ष अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन सरपंच प्रकोष्ठ सुरेंद्र सोलंकी राजेश तंवर गहली शैलेश बाजपेई नीलू अहिरवार राजा ठाकुर गगन यादव राहुल यादव सुरेश जयसवाल बच्चन सेट बाबू सिंह शेखावत शीला गुप्ता योगेश पांचाल मोनू अग्रवाल आदि लोगों ने नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया।

### जन अभियान परिषद ने बोरी बंधान कराया



**देवास।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कन्नौद ब्लॉक समन्वयक नीरज द्विवेदी के मार्गदर्शन में संपूर्ण विकासखंड कन्नौद में किया जा रहे हैं सतवास सेक्टर पानीगांव सेक्टर कन्नौद सेक्टर बाई जगवाड़ा सेक्टर में बोरी बंधान अभियान के तहत कार्य करवाया जा रहा है उसी के तहत कांटाफोड़ सेक्टर के ग्राम बैडगांव में जल स्रोतों पर बोरी बंधान का कार्य करवाया गया नवांकुर संस्था एस जै वाय एम के अंतर्गत आने वाली ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बैडगाव के जगदीश परसाई पवन पटेल एवं सभी सक्रिय सदस्यों के मार्गदर्शन में ग्राम में बोरी बंधान कार्य करवाया गया।

### प्रजापति ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश महिला अध्यक्ष का सम्मान

**देवास।** राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका लाम्बा एवं प्रदेश महिला अध्यक्ष रीना बोरासी के भोपाल जाते समय माता टेकरी पर दर्शन करने पहुंची। माता टेकरी सीढ़ी मार्ग पर साधना प्रजापति द्वारा अलका लाम्बा एवं रीना बोरासी का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया तथा मयंक जैन एवं नितिन ठाकुर द्वारा माता की चुनरी भेंट कर स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर मनीष चौधरी, प्रयास गौतम, रेखा वर्मा, गुरूचरण सलूजा, जितेन्द्रसिंह मोंटू, शाहिद मोदी, सिद्धार्थ माहुरकर, मीना फानी, लाली वर्मा, माया मालवीय, सुलोचना रानी, जितेन्द्रसिंह गौड़, किशोरसिंह चौहान अध्यक्ष जिला युवक कांग्रेस, हर्ष गौड़ अध्यक्ष शहर युवा कांग्रेस, धर्मेन्द्रसिंह कुशवाह, पं. रितेश त्रिपाठी, दिलीप परमार, मनोज सांगते, कल्लू भाई राष्ट्रीय, राजेन्द्र बेदी, मुबारिक मंसूरी, दीपसिंह पंवार, नयनीस वर्पे, प्रताप वर्पे, संजय रेकवार, विजयसिंह ठाकुर, महेन्द्र घारू, नितेश बैरागी, गुड्डु भाई सागर, राहुल गार्गव, मयंक परमार, प्रकाश सेतिया, ओजु शेख, मोनू चौहान आदि उपस्थित रहे।

### अक्षय बाली मित्र मंडल ने किया रीना बोरासी का स्वागत

**देवास।** महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बनने व देवास प्रथम नगर आगमन पर रीना बौरासी का उज्जैन रोड़ बीमा चौराहा पर अक्षय बाली जिला युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष मित्रमंडल द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुलोचना रानी, हिम्मत सिंह चावड़ा, दिग्विजय सिंह झाला , विश्वजीत सिंह चौहान, राहुल व्यास, सूरज चौहान, राहुल उपाध्याय, रोशन लूनिया, गोविन्द राठौड़, सतीश सोलंकी, भादर परमार, विकास राठौड़, बबलू यादव, मुकुल रॉय, विपुल शर्मा , हिमांशु नागौर, पवन भैया, कार्तिक सिरोलिया, लखन भटिया, आशीष चौहान, गोलू पठान , इमरान खान, भारत असताया, निक्की भाई आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने जिले में चलाए जा रहे किलकारी अभियान की सराहना की

**किलकारी अभियान कुपोषण से लड़ने के लिए एक अनूठी पहल**




फाईल फोटो

**देवास।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल में राज्य स्तरीय महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में बैठक में देवास जिले में किए गए नवाचार किलकारी अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के लिए देवास जिले में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस प्रकार के नवाचार प्रदेश के सभी जिलों में होना चाहिए। जिससे प्रदेश भर में कुपोषण को खत्म करने में नई गति मिल सके। उल्लेखनीय है कि देवास जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं सीइओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में किलकारी अभियान नवाचार को माह मई 2025 में जिले के 1740 सैम बच्चे एवं 7019 मैम बच्चों की पहचान कर उन्हें कुपोषण से मुक्त करने के लिए अभियान शुरू किया गया। इन बच्चों अमलतास अस्पताल, सोनकच्छ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, इंडेक्स अस्पताल तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टोंकखुर्द में भर्ती कर बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराया गया यह अभियान कुपोषण के खिलाफ जिले का सबसे प्रभावी नवाचार साबित हुआ है। जिले में किलकारी अभियान कुपोषण से लड़ने के लिए एक अनूठी पहल है। यह अभियान बच्चों में कुपोषण खत्म करने के लिए चलाया जा रहा है। अभियान देवास ही नहीं बल्कि प्रदेश और देश में अपनी पहचान बना रहा है। किलकारी अभियान कुपोषण के खिलाफ एक लड़ाई है, जिससे हम जिले से कुपोषण को खत्म करेंगे। हमारा प्रयास है कि हम आगामी छ माह में कुपोषण से ग्रसित बच्चों को पोष्टिक आहार एवं उनकी माताओं को पोष्टिक आहार के संबंध में जानकारी दी जा रही है। जिससे वे अपने बच्चों को कुपोषण से बचा सकते है।

#### यहां भी बनाए पोषण पुनर्वास केंद्र

जिले के बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए किलकारी पोषण अभियान के तहत सिविल अस्पताल सोनकच्छ में पुनर्वास केंद्र बनाया गया। खातेगांव एवं बागली विधानसभा क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के लिए इंडेक्स अस्पताल इंदौर में पोषण पुनर्वास केंद्र बनाया गया, जहां पर भर्ती बच्चों का उपचार किया गया।

#### कुपोषण के प्रमुख कारण

कुपोषण के प्रमुख कारण जागरूकता का अभाव, पौष्टिक भोजन के प्रति अज्ञानता, पौष्टिक भोजन की पूर्ति न होना, स्वास्थ्य के प्रति गंभीर न होना, सामान्य व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति लापरवाही, बाल विवाह, कम आयु में माँ बनना, किशोरी बालिकाओं में एनीमिया, बच्चों की अधिक संख्या होना है।

#### अभियान का क्रियान्वयन

किलकारी अभियान के क्रियान्वयन के लिए महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य. शिक्षा एवं चिकित्सालयों के प्रबंधकों की बैठक का आयोजन कर कुपोषण के विषय पर संवेदनशील किया गया। बच्चों के अभिभावकों को कुपोषण की गंभीरता को लेकर प्रेरित किया गया।

आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए अमलतास एवं इंडेक्स चिकित्सा महाविद्यालयों की बसों में परिवहन व्यवस्था नि:शुल्क की उपलब्ध कराई गई। चिकित्सकीय जाँच एवं दवाईयों की नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। बच्चों के अभिभावकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को चिकित्सालयों में स्वाथ्य पोषण, स्वछता की शिक्षा महाविद्यालयों, नर्सों के माध्यम से दिलवाई गई। डिस्चार्ज होने के बाद प्रत्येक बच्चों के फालोअप के लिए अभिभावकों को तैयार किया गया। क्षेत्रवार बच्चों को चिकित्सालयों में 14 दिवस तक भर्ती करवाने की मैपिंग की गई।

#### केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने भी किया था निरीक्षण

केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सावित्री ठाकुर ने देवास जिले में बच्चों और माताओं के पोषण स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन देवास द्वारा चलाये जा रहे किलकारी पोषण अभियान के तहत अमलतास अस्पताल देवास में बनाये गये पोषण पुनर्वास केंद्र निरीक्षण किया था और इस अभियान की सराहना की थी।

## उदय नगर तहसील मुख्यालय को खंडवा -खरगोन इंदौर महू सिमरोल से जोड़ने वाला मार्ग जर्जर



**बागली।** बागली विधानसभा की उदय नगर तहसील मुख्यालय से सीधे इंदौर महू खंडवा खरगोन की लिंक रोड नाचन मोर घाट तथा मुहाडा घाट मार्ग समय के साथ-साथ खराब हो रहा है। इस मार्ग के उपयोग से क्षेत्र वासियों की दूरी इंदौर शहर एवं ओंकारेश्वर तीर्थ की दूरी बेहद कम हो जाती है। किसान भी अपनी फसलों को बड़वाह मंडी मे ले जाने के लिए इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। वर्तमान में इस घाट मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी आती है। जिसके चलते आए दिन दुर्घटना होती रहती है एवं वाहनों में टूट फूट होती रहती है। इस मार्ग में बने पुल पुलिया के सरिया बाहर निकल गए हैं जो किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। गौरतलब है कि इन मार्गो पर एक दर्जन से अधिक बस का संचालन होता है। मुहाड़ा घाट एवं नाचन मोर घाट के जरिये सीधे इंदौर ओंकारेश्वर देव गुराडिया और डबल चौकी के लिए चलती है। इसी मार्ग से उदय नगर तहसील मुख्यालय पर होने वाले निर्माण कार्यों में लगने वाली सामग्री जिसमें सरिया सीमेंट गिट्टी तथा किराना सामान का परिवहन होता है। उदय नगर सरपंच विजेंद्र सिंह दांगी गिरधर गुप्ता राकेश मेहता बबलू सोनी अजय जैन मनीष चंद्रवंशी जगदीश विश्वकर्मा दुर्गा प्रसाद कुशवाहा आदि लोगों ने इस मार्ग को शीघ्र ही दुरस्त करने की मांग करते हुए बताया कि यदि इसे बड़ी योजना में लेकर टू लेन मार्ग बना दिया जाए तो क्षेत्र वासियों की यातायात व्यवस्था सुलभ हो जाएगी पूरे प्रदेश में हर स्थान पर नए रोड बन रहे हैं उन्हीं रोडो में इसे भी शामिल किया जाए इस संबंध में बागली विधायक मुरली भंवरा से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि आने वाले वित्तीय बजट में उदय नगर से सिमरोल तक का यह मार्ग स्वीकृत करवा कर टु लेन बनवा दिया जाएगा

# दीनदयाल रसोई योजना केंद्रों के संचालकों को नोटिस जारी किए

**देवास।** 3 दिसंबर 2025, पंडित दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत देवास नगरीय सीमा क्षेत्र में कार्यरत श्रेया एजुकेशनल एंड वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन भोपाल और जय मां गौरी एच.एच.जी.सांची जिला रायसेन को चलित एवं स्थाई रसोई केंद्रों को भोजन प्रदान करने का कार्य समय पर आरंभ न करने और समय से पहले बंद करने पर उपायुक्त नगर निगम जाकिर जाफरी ने संस्थाओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। निगम के एन.यू.एल.एम. विभाग के सिटी मैनेजर विशाल जगताप ने बताया कि सूचना पत्र में कहा गया है कि निगम अधिकारियों द्वारा समय-समय पर किए गए निरीक्षण में यह बात सामने आई है कि रसोई केंद्रों का संचालन अनुबंध अनुसार नही हो रहा है। रसोई केंद्र निर्धारित समय प्रात: 10 बजे आरंभ नहीं हो रहे हैं और कभी-कभी बंद करने के समय दोपहर 3 बजे के पूर्व ही बंद कर दिए जाते हैं ऐसे में हितग्राहियों को भोजन प्राप्त नहीं हो पता है और शासन की जनकल्याणकारी योजना के लाभ से हितग्राही वंचित रह जाते हैं यह स्थिति घोर आपत्तिजनक है। नोटिस में कहा गया है कि क्यों न इस लापरवाही पर कार्रवाई करते हुए संस्थाओं का अनुबंध निरस्त किए जाने की कार्रवाई की जावे। नोटिस का जवाब तीन दिवस में मांगा गया है साथ ही रसोई केंद्रों के संचालकों को सूचित भी किया गया है कि रसोई केंद्रों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और हितग्राहियों की ऑनलाइन की इंट्री पोर्टल पर दर्ज की जाना सुनिश्चित करें।

# उपायुक्त ने मध्यरात्रि में शहर के आश्रय स्थलों का किया औचक निरीक्षण

**आश्रय स्थलों में उपलब्ध व्यवस्थाओं का लिया जायजा**



**देवास।** 3 दिसंबर को शीतऋतु में रात्रिकालीन तापमान में होने वाली गिरावट के कारण शहरी क्षेत्र में खुले में रहने वाले बेघर व्यक्तियों का ठंड से बचाव हो इस हेतु समुचित आश्रय की व्यवस्था सुनिश्चित करने की दृष्टि से नगर निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने मध्यरात्रि में साईं मंदिर व बालगढ़ रोड और इटावा बस स्टैंड स्थित आश्रय स्थलों का मध्यरात्रि औचक निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में साईं मंदिर स्थित आश्रय स्थल का मुख्य द्वार बंद होने पर केयरटेकर त्रिलोक सिंह पवार को लापरवाही बरतने पर कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया। उपायुक्त ने कहा कि ठंड से बेघर लोगों को सुरक्षा प्रदान करना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निगम के सिटी मैनेजर विशाल जगताप ने बताया कि दीनदयाल अंत्योदय योजना अंतर्गत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत देवास में संचालित हो रहे तीनों आश्रय स्थलों का उपायुक्त श्री जाफरी ने मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि को आकस्मिक निरीक्षण किया और आश्रय स्थलों पर ठहरे हुए हितग्राहियों से चर्चा कर उनसे जानकारी भी ली। श्री जाफरी ने इस दौरान संधारित कीये जा रहे अभिलेखों को भी देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि रात्रि में कोई भी शहरी बेघर खुले में न सोए यह सुनिश्चित करे। इस हेतु उन्होंने निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले को आदेशित किया कि सार्वजनिक स्थल बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और मुख्य मार्गो से रात्रि में बेघर व आवासहीन व्यक्तियों को निगम के आश्रय स्थलों तक पहुंचाने की व्यवस्था करें।

उपायुक्त ने आश्रय स्थल के व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि आश्रय स्थल पर कंबल, गद्दे व चादरों और गर्म पानी आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखे। आश्रय स्थल पर उपलब्ध कराए गए हीटरों को चालू रखे।

रात्रि में तापमान में होने वाली गिरावट को ध्यान में रखते हुए आवश्यकता पड़ने पर आश्रय स्थलों में अलाव जलाने के लिए भी तैयारीयां कर लेवे। उपायुक्त श्री जाफरी ने निर्देशित किया कि आश्रय स्थल में रुकने वाले हितग्राहियों की प्रतिदिन जानकारी पोर्टल पर भी दर्ज करें। मुजफ्फर अली, हेमंत श्रीवास भी निरीक्षण में साथ थे।

# जिला जेल देवास में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन



**देवास।** जिला जेल में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेल मुख्यालय भोपाल से आए वरिष्ठ अधिकारी दिनेश नरगावे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जेल अधीक्षक विद्याभूषण प्रसाद एवं जेल प्रशासन ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत भागवताचार्य मनोज व्यास एवं उनकी टीम द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के दिव्य श्लोकों के पाठ, भजनों और आध्यात्मिक प्रस्तुतियों से हुई। आध्यात्मिक संगीत और गीता के उपदेशों ने कैदियों व अधिकारियों के मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। उपस्थित सभी लोगों ने इस आध्यात्मिक वातावरण को भावपूर्ण अनुभव किया। अपने संबोधन में दिनेश नरगावे ने कहा कि गीता का संदेश मनुष्य को आत्मचिन्तन, संयम और सही जीवन पथ की दिशा देता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि कैदियों को मानसिक, आध्यात्मिक और नैतिक रूप से सशक्त किया जाए, ताकि वे समाज में दोबारा जुड़ सकें। उन्होंने कहा— किसी गलती के कारण जेल आए लोग समाज से कटे हुए नहीं हैं। यदि वे स्वयं में सुधार का संकल्प लें तो पुन: समाज की मुख्य धारा में सम्मानजनक जीवन जी सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जेल में कैदियों के लिए चल रहे विभिन्न सुधारात्मक कार्यक्रम उनकी पुनर्वास यात्रा को मजबूत बनाते हैं जेल अधीक्षक विद्याभूषण प्रसाद ने बताया कि जिला जेल देवास में नियमित रूप से सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। गीता महोत्सव जैसे कार्यक्रम कैदियों में शांति, अनुशासन, नकारात्मक विचारों से मुक्ति और जीवन दृष्टि में बदलाव लाने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रहे हैं। जब कैदी आध्यात्मिक ऊर्जा से जुड़ते हैं, तो उनके व्यवहार में स्वाभाविक रूप से सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देता है। संचालन फार्मासिस्ट श्रीमती वैशाली भारद्वाज ने किया। समापन शांति मंत्र के सामूहिक उच्चारण से हुआ। अंत में जेल उपअधीक्षक अनिल दुबे ने मुख्य अतिथि, भागवताचार्य एवं सभी आमंत्रितों का आभार व्यक्त किया।

## बसंत पंचमी पर गौतम आश्रम में होगा सामूहिक विवाह एवं उपनयन संस्कार समारोह

**देवास।** श्री गुर्जर गौड ब्राह्मण नगर सभा एवं अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी के पावन पर्व पर गौतम आश्रम में ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य जोड़ों का सामूहिक विवाह एवं बटुकों का उपनयन संस्कार समारोह होगा। समारोह के संयोजक एम एम मोदी एवं महासंघ के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने बताया कि विवाह समारोह में होने वाले आवश्यक खर्च से बचने एवं समाज को नई दिशा देने के उद्देश्य को लेकर प्रतिवर्ष अनुसार बसंत पंचमी के अवसर पर गौतम आश्रम में होने वाले सर्व ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य बालक बालिकाओं के सामूहिक विवाह एवं बटुकों के उपनयन संस्कार हेतु 25 दिसंबर 2025 तक पंजीयन किया जाएगा । सनातन वैदिक परम्परा से होने वाले सामूहिक विवाह समारोह में आयोजक समिति द्वारा मंगल सूत्र , वस्त्र, एवं आवश्यक गृहस्थ सामग्री प्रदान की जाएगी एवं वर वधु दोनों पक्ष की भोजन व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी ।

सर्व ब्राह्मण समाज के सभी ब्राह्मण वर्ग से अपील की है कि दोनों पक्ष के विवाह तय शुदा बालक बालिका का उक्त सम्मेलन में विवाह हेतु निर्धारित तारीख तक पंजीयन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु गुर्जर गौड ब्राह्मण नगर सभा एवं अ भा सर्व ब्राह्मण महासंघ के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी चेतन उपाध्याय ने दी।

**एक नजर** खेल प्रतियोगिताओं से दिव्यांगजन के जीवन में आया नया उत्साह

# अमलतास विशेष विद्यालय द्वारा दिव्यांगता जागरूकता शिविर का आयोजन

**देवास।** अमलतास ग्रुप द्वारा संचालित अमलतास विशेष विद्यालय ने विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन के अधिकारों, सम्मान और सामाजिक समावेश को समर्पित एक व्यापक अभियान का आयोजन किया। इस अभियान के तहत निशुल्क दिव्यांगता जागरूकता शिविर आयोजित किए, साथ ही विद्यालय में अध्ययनरत दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया। शिविर के तहत, अमलतास स्पेशल स्कूल की विशेषज्ञ टीम ने गांव-गांव और शहर-शहर तक पहुंचकर लोगों को दिव्यांगता के विभिन्न प्रकारों, सहायक उपकरणों, उपलब्ध सरकारी योजनाओं और उपचार के नवीनतम विकल्पों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

शिविर में अमलतास की विशेषज्ञ टीम, जिसमें डॉक्टरों, फिजियोथेरेपिस्ट, स्पीच थेरेपिस्ट, काउंसलर और विशेष शिक्षकों द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों की नि:शुल्क जांच की गई। साथ ही चिन्हित मरीजों की आगामी चिकित्सा के लिए अमलतास अस्पताल लाया गया। अमलतास



ग्रुप के चेयरमैन मयंक राज सिंह भदोरिया ने इस अवसर पर कहा, अमलतास विशेष विद्यालय द्वारा आयोजित दिव्यांगता जागरूकता शिविर हमारे सामाजिक दायित्व और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य केवल उपचार प्रदान करना नहीं, बल्कि दिव्यांगजन को सम्मान, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है। उन्होंने इस नोबल इनिशिएटिव में योगदान देने के लिए पूरी अमलतास टीम और सहयोगियों को शुभकामना दी। अमलतास विशेष विद्यालय की प्राचार्य डॉ. भारती लाहोरिया ने इस शिविर को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

उन्होंने कहा कि यह शिविर केवल चिकित्सा सेवा प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि दिव्यांगजनों को सम्मान और आत्मविश्वास प्रदान करने का माध्यम भी है। अमलतास विशेष विद्यालय में 100 से अधिक दिव्यांग बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए समर्पित डॉक्टरों और विशेषज्ञों की टीम 24 घंटे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जो बच्चों के स्वास्थ्य, चिकित्सा और पुनर्वास में निरंतर सहयोग प्रदान करती है।